संपादकीय

बस्तर में खेलों का विकास

शशांक श्रीधर शेंडे

बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर में नौकरी के लिए 1988 नवम्बर को जब मैं निकला तो माँ बोली वहां मत जा, आदिवासी लोग तीर मार देते हैं। देशभर के आम जनमानस में बस्तर की अमूमन यही तस्वीर थी। क्षेत्रफल में केरल से बड़ा होने के बावजूद और खनिज भंडारों के अकूत संपदा का मालिक होने के बाद भी बस्तर अत्यन्त पिछड़ों में गिना जाता था। जब तक बस्तर मध्यप्रदेश का हिस्सा था यहाँ विकास की चिड़िया को पंख भी नहीं लगे थे। सामान्य विकास का नामोनिशान नही था तो खेलों का विकास तो जैसे कल्पना के आकाश में उड़ने जैसा ही था।

वर्ष 2000 का नवम्बर महीना बस्तर के लिए सौगात लेकर आया जब अटल बिहारी जी की सरकार ने छतीसगढ़ राज्य बनाया मध्यप्रदेश से अलग करके। तब शनैः शनैः विकास की नदिया का पानी बस्तर की ओर भी बहने लगा कहूँ ,तो अतिशयोक्ति न होगी। वर्ष 1975 से आरम्भ हुई ठाकुर विजय बहादुर गोल्ड कप फुटबाल प्रतियोगिता मानों यहाँ का विश्व कप फुटबाल था। यही एकमात्र खेल था जिसके लिए पूरा जगदलपुर और आस पास के उड़ीसा के भी गावों के लोग मैच देखने आया करते थे और शहर का सिटी ग्राउंड खचाखच भर जाता था। लेकिन इसके अलावा कोई ऐसा उल्लेखनीय खेल और नहीं था, जो इतना अधिक लोकप्रिय हो। वैसे तो यहाँ वॉलीबाल, कबड्डी, हॉकी, क्रिकेट भी चलन में थे पर अत्यधिक लोकप्रिय फुटबाल ही रहा जिसमें पश्चिम बंगाल, पंजाब , केरल, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार , ओड़िसा, गोवा, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश की नामी टीमें आया करती थीं।

लगभग 20 वर्ष पहले जगदलपुर शहर में महिलाओं के राष्ट्रिय खेल का आयोजन हुआ जिसमे विभिन्न खेल शामिल थे, खो खो, कबड्डी, फुटबाल, लम्बी कूद, ऊँची कूद, बाल बैडमिंटन, हैंडबाल, वॉलीबाल इत्यादि, इसमें देश के लगभग सभी राज्यों से टीमों ने शिरकत की थी। उसकी वजह से बस्तर में खेल गतिविधियों की हलचल बढ़ गई और इस खेल के बाद नेशनल शालेय खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ और मुझे लगता है, इस राष्ट्रीय खेल ने बस्तर में खेलों के विकास के लिए तडक़े का काम किया , क्योंकि इससे बालिकाओं में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ी और उनमें आत्मविश्वास जागृत हुआ और मैंने व्यक्तिगत रूप से बड़ा फर्क़ ये महसूस किया कि जगदलपुर में स्थित माता रुक्मणि बालिका आश्रम डिमरापाल में जबरदस्त उत्साह का वातावरण निर्मित हुआ और बालिकाओं को प्रोत्साहित करने ले लिए आश्रम के प्रबंधक पद्मश्री धर्मपाल सैनी जी का अत्यंत महत्वपूर्ण और अविस्मरनीय और अद्भुत योगदान रहा।

बस्तर संभाग में माता रुक्मणि संस्थान के लगभग 40 आश्रम हैं, जो पद्मश्री धर्मपाल सैनी जी की तपस्या का फल है, उन्होने बस्तर के गाँव गाँव से बीहड़ वन क्षेत्र से बच्चियों को शिक्षित करने के लिए अपने आश्रम में लाया उनको पढ़ाया लिखाया उनकी इसी समाज सेवा और विशिष्ट कार्य के लिए उनको पद्मश्री से नवाज़ा गया। समाज सेवा और बालिका शिक्षा के क्षेत्र में वे अग्रणी तो थे ही परन्तु खेल के लिए उनके योगदान को नकार नहीं सकते। वे स्वयं ही सुबह से बालिकाओं को लेकर मैदान में पहुँच जाते हैं और उनका उत्साहवर्धन करते हैं। उनके सान्निध्य में रहकर कई बच्चे निखर कर आगे आये। बालमति ने तो राज्य स्तरीय मैराथन में पहला स्थान पाया था। बस्तर में खेलों के विकास में सैनी जी को कोई भूल नहीं सकता। आज भी 93 वर्ष की आयु में वे आपको खेल के मैदान में मिल जायेंगे। उनके जज़्बे को मेरा नमन है। वे हमारे लिए बस्तर का गौरव हैं एक धरोहर हैं और माता रुक्मिणी आश्रम खेलों में मील का पत्थर। आज स्थिति ये है की आश्रम की बालिकायें राज्य स्तर पर, राष्ट्र स्तर पर और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी परचम लहरा रहीं हैं। कई खेलों में आश्रम की बालिकाओं का अहम् योगदान साबित हो रहा है, चाहे मैराथन हो, तीरंदाजी हो, फुटबाल हो, योग हो।

यहाँ पर मैं नारायणपुर स्थित रामकृष्ण मिशन का उल्लेख करना भी महत्पूर्ण समझता हूँ। यहाँ के बालकों ने देश की स्कूल स्तर की प्रतिष्ठित फुटबाल प्रतियोगिता संतोष ट्राफी जीतकर बस्तर को गौवान्वित किया और न सिर्फ बस्तर का, राज्य का डंका फुटबाल में बजा दिया। वहां के बच्चों ने भी कई खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर बस्तर का नाम ऊँचा किया है, बीजापुर बचेली के बच्चे बैडमिंटन में काफी अच्छा कर रहे हैं। शतरंज के खेल में जगदलपुर के लव्यज्योति ने बालक वर्ग में 2021 में अन्डर 12 में राष्ट्र स्तर पर धमक पैदा की राष्ट्रीय स्तर पर हुई ऑलाइन प्रतियोगिता में उसने प्रथम स्थान प्राप्त कर बस्तर और पूरे छतीसगढ़ का मान बढ़ाया यह बस्तर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मुझे उसमे भविष्य का ग्रैंडमास्टर नजऱ आ रहा है।

बस्तर की पर्वतारोही नैना धाकड़ ने हिमालय की सबसे ऊंची चोटी माऊंट एवरेस्ट पर विजय प्राप्त की। नैना धाकड़ की यह उपलब्धि अद्भुत और लाजवाब है। वह बस्तर के खिलाड़ियों की प्रेरणा है नैना छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला है जिसने माऊंट एवरेस्ट पर तिरंगा लहराया है।

बस्तर में कई खेलों में अनेक संभावनाएं हैं क्योंकि यहाँ प्रतिभाओं की कमी नहीं है ,फुटबाल जुडो कराटे, किक बॉक्सिंग, क्रिकेट, एथलेटिक्स, बैडमिंटन , नौका दौड़ में खेल प्रतिभाएं सामने आ रही हैं तथा राष्ट्रीय स्तर पर दस्तक दे रही हैं। ग्रामीण खेलों का भी माहौल जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के सहयोग से बहुत बढ़िया बन रहा है। खो खो, कबड्डी, योग, मलखम्ब इत्यादि में बस्तर के बच्चे आगे निकल रहे हैं। मार्च 2022 हरियाणा के पंचकुला में सम्पन्न हुई राष्ट्रिय सिविल सर्विसेस की बैडमिंटन प्रतियोगिता में भी बस्तर के मनोज लकड़ा, नेगी , जगत साव, बी एस ध्रुव , एस। एस। शेंडे, डॉ। बी प्रकाश मूर्ती , राबर्टसन, नितेश महंत, हलीम और नेताम ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर और पदक जीतकर बस्तर में खेलों के विकास की ओर बढ़ते क़दमों की आहट से ध्यान आकर्षित किया है।

कोचिंग व्यवथा के कमी की वजह से खिलाड़ियों को उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पाता लेकिन अब बस्तर में एनआई एस कोच भी उभरने लगे हैं जो बस्तर के आने वाले भविष्य की ओर इंगित करते हैं। साथ ही कुछ अच्छे पुराने खिलाड़ी भी बालक और बालिकाओं के लिए पसीना बहा रहे हैं जो सराहनीय है। क्रिकेट में आनंद मोहन मिश्रा, राजकुमार महतो, जोगेन्द्र ठाकुर, अनुराग शुक्ला, करनदीप सग्गू एथलेटिक्स में अजय व संजय मूर्ती, हाकी में पिल्ले, जुडो में मोईन अली, मकसूदा हुसैन, ठाकुर मास्टर्स एथलेटिक्स में नबी मोहम्मद, अशोक राव, बास्केटबाल में संगीता तिवारी, फुटबाल में रूपक मुखर्जी ,गौतम कुंडू, विश्वजीत भट्टाचार्य इत्यादि। रूपक मुखर्जी तो फुटबाल के राष्ट्रीय रेफरी भी बने, शतरंज में राजेश जेना और रविन्द्रनाथ कुलगुरु बस्तर से पहले आर्बिटर बने।

आर्थिक वृद्धि के लिए सरकारी कर्ज के स्तर को नीचे लाना जरूरी : आरबीआई

मुंबई । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक रिपोर्ट में सरकारी कर्ज का स्तर अगले 2-3 वर्ष में कम करने की पारदर्शी रणनीति की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा गया है कि मध्यकालिक वृद्धि की संभावनाओं को बनाए रखने के लिए जरुरी है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले 2-3 वर्षों में सरकारी कर्ज के अनुपात को जीडीपी के 66 प्रतिशत से नीचे लाने की स्पष्ट पारदर्शी रणनीति होनी चाहिए क्योंकि ऐतिहासिक रुझान दर्शाते हैं कि सरकारी ऋण जीडीपी के 50 प्रतिशत से ऊपर होने पर दीर्घकालीन ब्याज बढ़ जाता है और इसका वृद्धि की संभावनाओं पर असर पड़ता है।

वर्ष 2020-21 में भारत में केंद्र और राज्य सरकारों का सम्मिलित कर्ज जीडीपी के 77.5 प्रतिशत तक पहुंच गया था जिसमें राज्यों का कर्ज 26.63 प्रतिशत था।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कोविड के बाद के दौर में निजी क्षेत्र के निवेश पर आधारित आर्थिक वृद्धि हासिल करने के लिए मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों में समय से नए संतुलन बनाना जरूरी है।

आरबीआई की मुद्रा और वित्त रिपोर्ट 2021-22 में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की गतिविधियों में सुधार सरकारी प्रोत्साहनों से उत्प्रेरित है। रिपोर्ट के अनुसार आर्थिक वृद्धि के वातावरण के लिए नए खतरे पैदा हो गए हैं। यूक्रेन की लड़ाई से मुद्रास्फीति में तेजी आयी है और अमेरिका में गैर-परंपरागत उदार मौद्रिक नीति को समान्य बनाने की प्रक्रिया से भी चुनौती पैदा हुयी है।

रिपोर्ट में कहा गया,कोविड के बाद के दौर में निजी क्षेत्र के नेतृत्व में वृद्धि दर को तेज करने के लिए उपयुक्त नीतिगत वातावरण की बहाली और सृजन आवश्यक है।

इसमें कहा गया है कि कोविड के दौरान बैंकिंग प्रणाली में नगदी का प्रवाह अधिक रहने से वित्तिय परिस्थितियों को आसान बनाने में काफी मदद मिली थी। लेकिन अब नगदी के प्रवाह को नपे तुले अंदाज में कम करने की जरूरत है।

रिपोर्ट के अनुसार,जब नगदी का प्रवाह शुद्ध देनदारी (मांग और मियादी जमाओं की देनदारियों (एनडीटीएल)) से 1.5 गुने से अधिक बना रहता है तो नगद धन के प्रवाह में हर एक प्रतिशत की वृद्धि से मुद्रास्फीति वर्ष में प्रतिशत 0.60 अंक बढ़ जाती है। रिपोर्ट के अनुसार अतिरिक्त तरलता एनडीटीएल के 1.5 प्रतिशत तक सीमित रहने से मुद्रास्फीति का कोई बड़ा जोखिम नहीं रहता।

रिपोर्ट के अनुसार चूंकि मुद्रास्फीति इस समय 4-6 प्रतिशत के स्तर से ऊंची चल रही है। ऐसे में वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति बढ़ान के उपायों के जरिए मुद्रास्फीति को काबू में रखने की प्राथमिकता होनी चाहिए न कि अतिरिक्त नगदी को बनाए रखने की निष्क्रिय मौद्रिक उदारता का रुख रखना चाहिए।

रिपोर्ट में ऐतिहासिक रुझानों का हवाला देते हुए कहा गया है कि जब सरकारी कर्ज सकल घरेलू उत्पाद से 55 प्रतिशत से ऊपर हो जाता है तो दीर्घकालिन ब्याज दरों पर दबाव बढ़ जाता है।

एप्पल ने ऐप स्टोर से पुराने ऐप्स हटाए

नई दिल्ली । टेक दिग्गज एप्पल अब अपडेट प्राप्त नहीं करने वाले ऐप्स को हटा रहा है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि पुराने एप्स को ऐप स्टोर से हटाया जा रहा है क्योंकि कोई भी उन्हें डाउनलोड नहीं कर रहा था। एप्पल ने कहा कि ऐप के डेवलपर्स जो पिछले तीन वर्षों के भीतर अपडेट नहीं हुए हैं और न्यूनतम डाउनलोड सीमा को पूरा करने में विफल हैं, उन्हें एक ईमेल भेजा जा रहा है जो उन्हें सूचित करता है कि ऐप स्टोर से हटाने वाले ऐप की पहचान की गई है। शुक्रवार की देर रात एक अपडेट में कहा गया है कि इसका मतलब है कि 12 महीने की अवधि के दौरान ऐप को बिल्कुल या बहुत कम बार डाउनलोड किया गया है। पहले से डाउनलोड किया गया कोई भी ऐप यूजर्स के डिवाइस पर रहेगा। जबकि एप्पल पुराने ऐप्स को ऐप स्टोर से हटा देगा। इस हफ्ते की शुरुआत में, प्रोटोपॉप गेम्स डेवलपर रॉबर्ट काब्वे जैसे कई ऐप निर्माताओं ने बदलाव के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की। एप्पल ने कहा कि डेवलपर्स ऐप हटाने की अपील कर सकते हैं। कंपनी ने सूचित किया, और डेवलपर्स, जिनमें हाल ही में एक नोटिस प्राप्त हुआ है, उन्हें अब जरूरत पडऩे पर अपने ऐप को अपडेट करने के लिए 90 दिनों तक अधिक समय दिया जाएगा। हटाए गए ऐप्स उन यूजर्स के लिए सामान्य रूप से कार्य करना जारी रखेंगे, जिन्होंने पहले ही अपने डिवाइस पर ऐप डाउनलोड कर लिया है। पिछले छह वर्षों के दौरान, एप्पल ने इस प्रक्रिया के हिस्से के रूप में लगभग 2.8 मिलियन ऐप्स को हटा दिया है।

विराट ने ऊ अंतावा डांस से लगाया छक्का

मुंबई । भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने अल्लू अर्जुन अभिनीत ब्लॉकबस्टर के चार्टबस्टर ट्रैक ऊ अंतावा पर खूब थिरके। उनके डांस वाला एक वीडियो वायरल हो गया। फिल्म के संगीत निर्देशक देवी श्री प्रसाद ने भी उनकी रचना पर थिरके विराट की प्रस्तुति पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। वायरल वीडियो के बारे में बात करते हुए प्रसाद ने कहा, किसी भी संगीतकार के लिए देश के महान लोगों को उसके संगीत का आनंद लेते देखना एक शानदार एहसास है। विराट को ऊ अंतावा पर थिरकते हुए देखकर मुझे खुशी हुई।

विराट कोहली ने ग्लेन मैक्सवेल और उनकी लंबे समय से प्रेमिका विनी रमानी की शादी की पार्टी में ट्रैक पर डांस कर इंटरनेट पर छा गए। यह एक बायो-बबल में आयोजित किया गया था। शादी में विराट अपनी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ पहुंचे। अनुष्का ने शादी के जश्न से अपनी एक तस्वीर भी साझा की। एक अजीबोगरीब तरीका अपनाते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, वेडिंग फंक्शन इन अ बबल! अब मुझे लगता है कि मैंने हर फंक्शन और फेस्टिवल को एक बुलबुले में देखा और मनाया है!

211 करोड़ में पवन हंस होगी स्टार-9 मोबिलिटी के हवाले

नई दिल्ली । सरकार हेलीकाप्टर सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी पवन हंस लिमिटेड में अपनी 51 प्रतिशत हिस्सेदारी 211 करोड़ रुपये में स्टार 9 मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड को बेचेगी। आर्थिक मामलों की समिति द्वारा उच्चाधिकार प्राप्त मंत्रियों के समूह ने इस मंजूरी प्रदान कर दी है। इस समिति में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल थे। इस समिति ने पवन हंस में सरकार की 51 प्रतिशत नियंत्रक हिस्सेदारी 211.14 करोड़ रुपये में स्टार 9 मोबिलिटी को देने को अनुमोदित कर दिया है।

पवन हंस सरकार और तेल एवं गैस क्षेत्र की सरकारी कंपनी तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम(ओएनजीसी) लिमिटेड की हिस्सेदारी वाली कंपनी है। इसमें सरकार की 51 प्रतिशत और ओएनजीसी की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। ओएनजीसी भी सफलतापूवर्क बोली लगाने वाले को अपनी हिस्सेदारी देने का निर्णय ले चुकी है। ओएनजीसी भी सरकार के विनिवेश से मिलने वाली कीमत पर हिस्सेदारी देगी। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने अक्टूबर 2016 में पवन हंस में सरकार की पूरी हिस्सेदारी का विनिवेश करने को अनुमोदित किया था। इसके लिए पहले तीन बार बोलियां आमंत्रित की गयी। आठ दिसंबर 2020 को आमंत्रित किये गये इच्छा पत्र के राउंड में चार बोलीकर्ताओं को सफल बोली योग्य पाया गया जिसमें से तीन ने वित्तीय बोली लगायी। इसके लिए आरक्षित मूल्य 199.92 करोड़ रुपये तय किया गया था। स्टार9 मोबिलिटी से सबसे अधिक 211.14 करोड़ रुपये की बोली लगायी। दो अन्य कंपनियों की बोली इससे बहुत कम थी। इसलिए सरकार ने स्टार 9 मोबिलिटी का चयन किया है।

ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका दौरे के लिए टीम का ऐलान किया

कैनबरा । ऑस्ट्रेलियाई टीम जून-जुलाई में श्रीलंका दौरे पर जाने वाली है। यह दौरा सात सप्ताह का है। इस दौरे में तीन टी20, पांच वनडे तथा दो टेस्ट मैच होने हैं। इसको लेकर ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीमों की घोषणा कर दी है, इस टीम में एक से बढक़र एक दिग्गज को शामिल किया गया हैं। हालांकि तेज गेंदबाज पैट कमिंस को टी20 मैच में आराम दिया गया है जबकि मार्क हैरिस को 16 सदस्यीय टीम में जगह मिली है। ऑस्ट्रेलिया ने फुल स्ट्रेंथ टीम का ऐलान करते हुए वैसे खिलाडिय़ों को मौका दिया है जो पाकिस्तान दौरे पर आईपीएल के कारण नहीं खेल पाये थे।

तीनों फॉर्मेट में टीम की सूची

ऑस्ट्रेलिया टी20 टीम : आरोन फिंच (कप्तान), सीन एबट, एश्टन एगर, जोश हेजलवुड, जोश इंग्लिस, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, झाय रिचर्ड्सन, केन रिचर्ड्सन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टॉयनिस, मिचेल स्वेप्सन, मैथ्यू वेड, डेविड वॉर्नर।

ऑस्ट्रेलिया वनडे सक्वॉड: आरोन फिंच (कप्तान), एश्टन एगर, एलेक्स कैरी, पैट कमिंस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टॉयनिस, मिचेल स्वेप्सन, डेविड वॉर्नर।

आईपीएल 2022 : लखनऊ सुपर जायंट्स ने पंजाब किंग्स को 20 रन से हराया

पुणे । मोहसिन खान (3/24) और क्रुणाल पांड्या (2/11) की शानदार गेंदबाजी के कारण यहां महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए आईपीएल 2022 के मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 20 रन से हरा दिया। एलएसजी ने 20 ओवरों में आठ विकेट खोकर 153 रन बनाए थे। पंजाब की ओर से बेयरस्टो (32) और मयंक अग्रवाल (25) ने सबसे ज्यादा रन बनाए। लखनऊ की ओर से शानदार गेंदबाजी करने के लिए क्रुणाल पांड्या को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया।

एलएसजी द्वारा दिए गए जीत के लिए 154 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की शुरुआत धीमी रही। सलामी जोड़ी के रूप में शिखर धवन और मयंक अग्रवाल ने पारी की शुरुआत की।

दुश्मंता चमीरा ने अपने ओवर में पंजाब को पहला झटका दिया। उन्होंने कप्तान मयंक अग्रवाल (25) को केएल राहुल के हाथों कैच कराया। उनके बाद जॉनी बेयरस्टो क्रीज पर आए। वहीं, टीम ने पॉवरप्ले में एक विकेट खोकर 46 रन बनाए।

वहीं, दूसरे गेंदबाज रवि बिश्नोई ने पंजाब को दूसरा झटका शिखर धवन के रूप में दिया। बिश्नोई ने अपने पहले ओवर की तीसरी ही गेंद पर बल्लेबाज को क्लीन बोल्ड कर दिया। धवन ने 15 गेंदों में सिर्फ छह रन बनाए। उनके बाद भानुका राजपक्षा क्रीज पर आए।

वहीं, मामूली लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की टीम लडख़ड़ाती दिख रही थी क्योंकि ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या ने अपने ओवर में राजपक्षा को वापस पवेलियन भेजा। बल्लेबाज ने सात गेंदों में नौ रन बनाए। उनके बाद लिविंगस्टोन क्रीज पर आए।

रवि बिश्नोई का तीसरा ओवर बेहद महंगा साबित रहा क्योंकि लिविंगस्टोन ने उनके ओवर में लगातार दो छक्के लगाए।

बॉयफ्रेंड संग विवाह के बंधन में बंधी मैथिली

मलयालम अभिनेत्री मैथिली 28 अप्रैल, 2022 को अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड संपत संग विवाह के बंधन में बंध चुकी हैं। कपल की शादी गुरुवयूर मंदिर में संपन्न हुई, जहां से दोनों की वेडिंग फोटोज इंटनरेट पर खूब चर्चाओं में बनी हुई है।

फोटोज में देखा जा सकता मैथिली अपनी शादी में सुनहरी और व्हाइट साड़ी में बहुत खूबसूरत दिख रही है। इस लुक को अभिनेत्री ने ग्रीन चूडिय़ों और साड़ी से मैचिंग ज्वेलरी के साथ पूरा कर रखा है। वहीं उनके दूल्हे भी ऑफ व्हाइट शर्ट और धोती में परफेक्ट ग्रूम दिखाई दे रहे है। विवाह में कपल ने एक दूसरे को गुलाबी फूलों की वरमाला पहनाई, जिसमें उनकी खूबसूरती में चार-चांद लग गए। एक साथ पोज देता कपल बहुत प्यारा दिखाई दे रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ब्राइटी बालचंद्रन, जिसे मैथिली के नाम से पहचाना जाता है, मलयालम मूवी इंडस्ट्री में सबसे अधिक मांग वाली अभिनेत्री में से एक हैं। उन्होंने 2009 में सुपरहिट मूवी पलेरी माणिक्यम: ओरु पथिरकोलापथकथिंते कथा से सुपरस्टार ममूटी के साथ एक्टिंग की शुरुआत कर दी थी। अपनी पहली मूवी के उपरांत मैथिली ने पीछे मुडक़र नहीं देखा और लोगों का खूब दिल भी जीत लिया है।

आज का राशिफल

मेष- आज आपका दिन काफी अच्छा रहेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले से और मजबूत होगा। घरेलू कार्यों को पूरा करने में आज आप सफल होंगे। किसी जरूरी काम में दोस्तों का सहयोग मिलेगा।

वृष-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। किसी जरूरी काम में परिवार का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आपको कोई खास खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आप रोजगार के मामले में किसी से सलाह लेंगे, जो कि आपके लिए फायदेमंद रहेगी।

मिथुन -आज आप परिवार के साथ किसी काम में व्यस्त रहेंगे। ऑफिस में आपको कोई बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी मिलेगी, जिसको समय से पूरा कर लेंगे। दाम्पत्य जीवन आज खुशियों से भरा रहेगा।

कर्क- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। कामकाज निपटाने के लिए आपको कुछ नए तरीके मिलेंगे। दोस्तों के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा। आपका भौतिक सुख-सुविधाओं की तरफ रूझान बढ़ेगा। कई दिनों से मन में चल रही कोई बात आज आप अपने जीवनसाथी से कहेंगे।

सिंह-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी जरूरी कामकाज को निपटाने में सफल होंगे। आप अपने आसपास के लोगों के साथ उदार रहेंगे। केमिस्ट्री स्टूडेंट्स के लिए दिन मिला-जुला रहने वाला है। मेहनत के बल पर आपको सफलता मिलेगी।

कन्या- आज आपका दिन शानदार रहेगा। कला के क्षेत्र में आपकी रूचि बढ़ेगी। परिवार में खुशियों का माहौल बना रहेगा। दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बनायेंगे। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं।

तुला -आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको किसी भी तरह की गलतफहमी से बचना चाहिए। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा। आपको किसी सामाजिक समरोह में जाने का मौका मिलेगा। आप वाहन लेने का मन बनायेंगे।

वृश्चिक-आज शिक्षा के क्षेत्र में आपको उन्नति मिलेगी। किसी दूसरे का उत्साह देखकर आप उत्साहित होंगे। माता-पिता के साथ रिश्ते और मजबूत होंगे। कोई बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ होने की उम्मीद है।

धनु- आज आपका दिन उत्तम रहेगा। अपने कॉन्फिडेंस के दम पर आप हर काम में सफल होंगे। कला या किसी रचनात्मक काम में आपका रूझान बढ़ेगा। आप अपनी सभी समस्याओं का हल आराम से ढूंढ निकालेंगे।

मकर-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे। आप परिवार के साथ शॉपिंग करने जायेंगे। अगर आप संगीत के क्षेत्र से जुड़े हैं, तो आपको तरक्की के कई नये रास्ते नजर आयेंगे।

कुंभ - आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आपको अचानक धन लाभ होगा। ऑफ़िस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा। व्यापारियों को आय के नए स्रोत मिलेंगे। कोई काम मन-मुताबिक पूरा होने से आप प्रसन्न रहेंगे।

मीन- आज ऑफिस में आपके पर्सनालिटी की तारीफ होगी। व्यापारी वर्ग अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए कुछ नयी योजनायें बनायेंगे। साथ ही माता-पिता के स्वस्थ का पूरा पूरा ध्यान रखें।

शब्द सामर्थ्य- 58

बाएं से दाएं

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

ऊपर से नीचे

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

1		2		■	3		4	5
	■		■	■	■	■	6	
■	7		8	■	9			
■	■	10		11		■	■	■
12	■	■	13			■	14	15
16	17	■	■		■	18		
19		20			■		■	
■	■		■	■	21			
■	22					■	■	

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 57 का हल

ज	द्दो	जे	ह	द	■	स	पू	त
ल	■	ब	ल	वा	न	■	■	द
म	ह	क	■	खा	म	खां	■	बी
ग्न	■	त	ल	ना	■	स	फ	र
■	म	रा	■	■	■	ना	टा	■
■	हि	■	स	■	■	■	फ	न
■	ला	ज	वा	ब	■	म	ट	र
मां	■	ग	■	सं	त	ति	■	भ
■	मा	त	ह	त	■	■	प	क्षी

सू-दोकू- 58

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.57 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6